बरेली, सोमवार
1 अप्रैल, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण

PAGE NO. 02 : BOTTOM

## खिलजी का दांत नाटक मंचन में दर्शक हुए लोटपोट

जासं, बरेली : मिसेज झुनझुनवाला और मिसेज पालकीवाला काफी गुस्से में हैं। उन्हें पता चल चुका है कि जो दांत खिलजी का बताकर बेचा गया है, वह नकली है। दोनों पुलिस वालों के साथ कबाड़ी की दुकान पर पहुंचती हैं। इंस्पेक्टर के हड़काने के बाद फिरदौसी और फाहियान गलती मान लेते हैं। दुकान (हड़प्पा) के संचालन को अपनी मजबूरी बताते हैं। पुलिस को दोनों को जेल भेज देती है। बत्ती गुल और सीन खत्म। रिद्धिमा कला केंद्र में रविवार को दिखा। मौका था खिलजी का दांत नाटक के मंचन का। केपी सक्सेना द्वारा लिखित और विनायक कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में कलाकारों ने नाटक का मंचन किया। हास्य और व्यंग से भरे नाटक को जब कलाकारों ने मंच जीवंत किया, तो हाल में मौजूद दर्शक हंसी से लोटपोट हो गए।